**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर**
पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर०ए०एस० )
वाद सं० : 351 रान 2019
अनवान :–

1. जोतराम पुत्र तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1. तिलोकचन्द पुत्र चन्द्राराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
2. उमादेवी पत्नी दोलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
3. बनवारीलाल पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
4. कृष्ण कुमार पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
5. शारदादेवी पुत्री स्व दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
6. विधादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
7. निमादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88**
उपस्थित : श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज
निर्णय दिनांक :– 27/11/2020

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आशय का पेश किया गया की रोही मौजा चेनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैव भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 7 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

वादी प्रतिवादी संख्या 1 का पुत्र प्रतिवादी संख्या 2 पत्नी प्रतिवादी संख्या 3 ,4 प्रतिवादी संख्या 1 के मृतक पुत्र दौलतराम के पुत्र एवं प्रतिवादी संख्या 5 दोलतराम की पत्नी एवं प्रतिवादी संख्या 6 ,7 प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है।

प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 वादी की बुआ एवं प्रतिवादी संख्या 3 ,4 की माता है एवं मृतक दौलतराम की पत्नी है प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 बहिस्सा के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 जरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने पर विरासतन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने निवेदन किया की उन्होंने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाई/पिता/पुत्र वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में त्याग किया हुआ है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 8 पेरोकार राज ने जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा चेनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने पर वाद विरासतन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने के बाद विरासतन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 7 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

वादी प्रतिवादी संख्या 1 का पुत्र प्रतिवादी संख्या 2 पत्नी प्रतिवादी संख्या 3 ,4 प्रतिवादी संख्या 1 के मृतक पुत्र दौलतराम के पुत्र एवं प्रतिवादी संख्या 5 दौलतराम की पत्नी एवं प्रतिवादी संख्या 6 ,7 प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है।

प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 वादी की बुआ एवं प्रतिवादी संख्या 3 ,4 की माता है एवं मृतक दौलतराम की पत्नी है प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा चेनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

जमाबन्दी सम्वत 2029 से 2038 भू0प्रबन्ध विभाग के अनुसार वाद भूमि चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के नाम से दर्ज है वादी के दादा चान्द्राराम पुत्र हुणताराम के देहान्त होने के बाद विरासतन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरासतन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 के हक हिस्सा की भूमि है

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने स्वीकार किया जाकर इकबाल पेश किया जाकर निवेदन किया जा चुका है कि वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प ड्यूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी पक्ष प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐतराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चेनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है में वादी अकेला 1/3 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 2 अकेला 1/3 हिस्सा व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 बहिब 1/3 हिस्सा के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/- रु का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय बाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 27/11/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )

Scanned with CamScanner

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

अनवान :–

1. जोतराम पुत्र तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

वादी

बनाम

1 तिलोकचन्द पुत्र चन्द्राराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
2. उमादेवी पत्नी दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
3. बनवारीलाल पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
4. कृष्ण कुमार पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
5. शारदादेवी पुत्री स्व दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
6. विधादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
7. निमादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादीगण

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**राजस्व वाद संख्या 351 सन 2019 निर्णय दिनांक–** 27/11/2020

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेशकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा चैनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज है में वादी अकेला 1/3 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 2 अकेला 1/3 हिस्सा व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 बहिस्व 1/3 हिस्सा के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैंक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 27/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ़ )

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

# संशोधित पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

अनवान :–

1. जोतराम पुत्र तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1 तिलोकचन्द पुत्र चन्द्राराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
2. उमादेवी पत्नी दोलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
3. बनवारीलाल पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
4. कृष्ण कुमार पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
5. शारदादेवी पुत्री स्व दौलतराम जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
6. विधादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
7. निमादेवी पुत्री तिलोकचन्द जाति जाट निवासी चैनपुरा तहसील नोहर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**राजस्व वाद संख्या 351 सन 2019 निर्णय दिनांक–** 08/01/2021

आज यह प्रार्थना पत्र 151–152 सीपीसी मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाद वादी डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा चेनपुरा के खाता संख्या 51/51 की कुल 8.0170हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है में वादी अकेला 1/3 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1/3 हिस्सा व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 बहिब 1/3 हिस्सा के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

संशोधित पर्चा डिक्री आज दिनांक 08/01/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

सत्यमेव जयते

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner